# जब चिंता बहुत सताये तब ॐ नाम का जाप करो

ॐ भुर्भुवः स्व: तत्सवितुर्वरेण्यं
वर्गो देवस्य धीमही धियो योन: प्रचोदयात ।।

जब चिंता बहुत सताये, तब ॐ नाम का जाप करो,
दु:ख अंत:करण दुखाये, तब ॐ नाम का जाप करो,
ओउम भूर्वभूवः स्वः....

जब उठने लगे हताश, फैले सब और निराशा,
पल-पल मनवां घबराये, तब ॐ नाम का जाप करो,
ओउम भूर्वभूवः स्वः....

दिल में उलझन भारी हो, या उथल-पुथल जारी हो,
दिल बात समझ न पाये, तब ॐ नाम का जाप करो,
ओउम भूर्वभूवः स्वः....

जब अपने ही मुख मोड़े, सब रिश्ते नाते तोड़े,
जन-जन दुश्मन बन जाये, तब ॐ नाम का जाप करो,
ओउम भूर्वभूवः स्वः....

उमड़े तुफान भयंकर, पथ पर हो कांटे कंकर,
घनघोर अंधेरा छाये, तब ॐ नाम का जाप करो,
ओउम भूर्वभूवः स्वः....

जंगल पर्वत-सागर में, अग्नि धरती अम्बर में,
जब राह नजर न आये, तब ॐ नाम का जाप करो,
ओउम भूर्वभूवः स्वः....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30527/title/jab-chinta-bahut-sataye-tab-om-naam-ka-jaap-karo

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |